चुनाव परिणाम के बाद क्षेत्र में झगड़े की आशंका को लेकर पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला

आमजन से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की

खेतड़ी, (निसं)। खेतड़ी व खेतड़ी नगर पुलिस ने शुक्रवार को चुनाव परिणाम के बाद झगड़े की आशंका को देखते हुए क्षेत्र में पुलिस की ओर से फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान उन्होंने आमजन से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है। डीएसपी सतीश वर्मा ने बताया कि खेतड़ी विधानसभा के अधिकांश क्षेत्र में प्रशासन की ओर से शांतिपूर्ण चुनाव करवाए गए है। आगामी तीन दिसंबर को चुनाव का परिणाम आने वाला है।

परिणाम के दौरान क्षेत्र में किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी नहीं हो इसके लिए प्रशासन की ओर से विशेष तैयारी की जा रही है। इसके अलावा खेतड़ी विधानसभा का क्षेत्र हरियाणा सीमा से सटा होने के कारण पुलिस की ओर से भी विशेष निगरानी रखी जा रही है। चुनाव के दौरान 25 नवंबर को खेतड़ी विधानसभा के संजय नगर पंचायत के बड़वाला बूथ पर हुए झगड़े के बाद दोनों पक्षों को बैठक समझाइए की गई है। इसके अलावा रेंज आईजी सत्येन्द्र सिंह ने भी खेतड़ी का दौरा कर थाने में प्रत्याशियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों को अपने समर्थकों को भाईचारे की भावना बनाते हुए शांति व्यवस्था बनाने में सहयोग करने की अपील जारी करवाई गई है। कुछ लोगों द्वारा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालकर आपस में भड़काने का काम किया जा रहा है। ऐसे लोगों पर पुलिस की विशेष निगरानी की जा रही है। चुनाव परिणाम के दौरान यदि कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट या किसी प्रकार का हुड़दंग करता पाया गया तो उसके खिलाफ पुलिस की ओर से प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।।

इस दौरान पुलिस, आरएसी व ईआरटी की टुकड़ी की ओर से खेतड़ीनगर थाना क्षेत्र के खरखड़ा, जसरापुर, लोयल, पावटा, मानोता जाटान, देवता, तातीजा, बाढ़ा की ढाणी सहित विधानसभा क्षेत्र के गांवों में भी फ्लैग मार्च निकालकर चुनाव परिणाम के दौरान शांति बनाने का आ ान किया। इस मौके पर सीआई आसाराम गुर्जर, थानाधिकारी गोपाल सिंह थालौर, एएसआई रमेश कुमार, राजेंद्र सिंह, कैलाश चंद, एचसी राजेश कुमार, महीपाल सिंह, मनीष कुमार, अमरचंद, राजवीर सिंह, अशोक कुमार सहित अनेक पुलिसकर्मी मौजूद थे।



खेतड़ी व खेतड़ी नगर पुलिस ने क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला।

उम्मीदवारों ने की कार्यकर्ताओं से चर्चा

चूरू, (कासं)। चूरू विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के उम्मीदवारों ने अपने कार्यकर्त्ताओं के साथ चर्चा की। यहां कांग्रेस प्रत्याशी रफीक मंडेलिया ने शुक्रवार को मंडेलिया हाउस में चूरू शहर व देहात के कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव की समीक्षा की एवं 3 दिसम्बर को होने वाली मतगणना के बारे में व्यापक विचार विमर्श किया। मंडेलिया ने कांग्रेस की जीत का दावा किया। इस अवसर पर नगरपरिषद के पूर्व सभापति गोविन्द महनसरिया, कांग्रेस पूर्व जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद हुसैन निर्वाण, कांग्रेस सेवादल के पूर्व जिलाध्यक्ष रतनलाल जांगिड़, शहर ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष लालचंद सैनी, युवा नेता ईरशाद मंडेलिया, मीडिया प्रभारी जमील चौहान, चूरू शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर, देहात अध्यक्ष किशोर धान्धू, चूरू जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सुबोध मासूम, ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नारायण बालाण, युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष आसिफ खान, सुखाराम घिंटाला, आरिफ पिथिसर, जंगशेर खां, विमल शर्मा, अनीस खान, डूंगरसिंह उंटवालिया, कांती सैनी, हेमन्त सैनी आदि उपस्थित थे। इसी प्रकार राजेन्द्र राठौड़ के चूरू आवास पर भाजपा विधि प्रकोष्ठ के तत्वावधान में चुनाव अभिकर्ता प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन हुआ।

सार-समाचार

277 छात्र-छात्राएं सम्मानित

चूरू, (कासं)। आज ग्राम सिरसला के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 5 दिवसीय सामाजिक सेवा योजना शिविर का समापन समारोहपूर्वक किया गया। यह जानकारी देते हुए गुमानसिंह शेखावत धन एवं विपणन अधिकारी चूरू ने बताया कि इसमें सहभागी 277 छात्र-छात्राओं को बड़ोदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की तरफ से प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय में कार्यरत मुख्य प्रबंधक आरण् के. दरगढ़ ने बैंक की विभिन्न जमा व ऋण योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए ग्रामीणजन से इनका लाभ उठाने का आग्रह किया। बैंक के वित्तीय साक्षरता सलाहकार मैनपाल सिंह, शाखा प्रबंधक संदीप सैनी, प्रिंसिपल सूबे सिंह सहित शाला स्टाफ व बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे। इससे पूर्व मुख्य अतिथि ने 8 छात्र दल द्वारा किए गए सेवा कार्यों का निरीक्षण किया व शाला की सफाई व्यवस्था की प्रशंसा की।

राहत के लिये डायल 112 नं. पीसीआर

हनुमानगढ़, (निसं)। जिले को मिली 10 नई डायल 112 गाड़ी। पीड़ित के फोन करने के पश्चात चन मिनटों में पहुंचेगी घटनास्थल पर। ए.एस.पी हनुमानगढ़ ने बताया कि घटना स्थल पर पहुंच कर घायलो को प्राथमिक उपचार व नजदीकी अस्पताल में पहुचाने के उद्देश्य से अभय कमांड दिशा निर्देशन में जिले को कुल 10 गाड़िया डायल 112 मिली हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बनवारी लाल मीणा ने बताया कि दुर्घटना होने पर 112 डायल करने पर दो मिनट में गाड़ी घटनास्थल पर पहुचेगी। इस गाड़ी में जीपीएस, कैमरे, फर्स्ट एड बॉक्स, स्ट्रैचर जैसी सुविधाएं हैं। जिले को मिली सभी गाड़िया हनुमानगढ़ जिले के 10 थानों में भेजी गई हैं। जो वहीं से घटना स्थल पर पहुंचने का कार्य करेगी।

जे.जे.टी. की छात्राओं ने ट्रॉफी जीती

झुंझुनूं, (निसं)। जेजेटी यूनिवर्सिटी की चार छात्राओं ने वेस्ट जोन बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की है। जानकारी देते हुए स्पोर्ट्स डायरेक्टर डॉ अरुण कुमार ने बताया कि वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय इंदौर, मध्य प्रदेश में बैडमिंटन वेस्ट जोन प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें जेजेटी यूनिवर्सिटी की बैडमिंटन खिलाड़ी चितवन खत्री, साक्षी गहलोत, निक्की, दीप सीखने ने प्रथम स्थान प्राप्त कर ट्राफी हासिल की। इस प्रतियोगिता में 118 विश्वविद्यालय की टीमों ने भाग लिया जिसमें प्रथम स्थान पर जेजेटी की टीम रही। जेजेटी परिवार ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाइयां दी और खुशियां मनाई। इस उपलब्धि के लिए जेजेटी के चेयरपर्सन डॉ विनोद टीबड़ेवाला, इंजी. बी के टीबड़ेवाला, प्रेसिडेंट डॉ देवेंद्र सिंह ढुल, रजिस्ट्रार डॉ अजीत कस्वा, प्रो प्रेसिडेंट डॉ मधु गुप्ता, मनोज गोयल प्राचार्य फिजिकल एजुकेशन, निदेशक उमा विशाल टीबड़ेवाला, डॉ राम दर्शन फोगाट, पीआरओ रामनिवास सोनी, डॉ सुरेंद्र कुमार, डॉ अनिल कड़वासरा सहित सभी जेजेटी परिवार ने इन्हें हार्दिक बधाइयां प्रेषित की है।

शिविर का 240 लोगों ने उठाया लाभ

झुंझुनूं, (निसं)। महावीर इंटरनेशनल सनराइज केंद्र झुंझुनू एवं आशुतोष होम्योपैथिक औषधालय छावनी बाजार के संयुक्त तत्वावधान में स्व. केदारमल हलवाई की स्मृति मेंउनके परिवार द्वारा माह के हर शुक्रवार को आयोजित होने वाला नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन अग्रवाल कटला में संपन्न हुआ। उपरोक्त शिविर में 240 रोगियों की जांच कर नि:शुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई। कार्यक्रम में वीर रमाकांत हलवाई, संस्था अध्यक्ष वीर राजेंद्र प्रसाद जोशी, संस्था संरक्षक वीर डॉक्टर एस एन शुक्ला, अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर श्याम सुंदर जालान, जॉन चेयरमैन वीर नागरमल जांगिड़, रीजनल सेक्रेटरी वीर महेश कुमार मुंड, जॉन ट्रेजरार वीर शिव प्रसाद महर्षि, सुमेर सिंह कर्णावत, रीजन ट्रेजरार वीर देवेंद्र कुमार गौड़, वीर कैलाश चंद्र शर्मा, रामगोपाल शर्मा एवं काफी संख्या में गणमान्य व डॉक्टर्स की टीम उपस्थित रही।

मतगणना तीन दिसम्बर को

हनुमानगढ़, (निसं)। विधानसभा आम चुनाव 2023 के मतों की गणना का कार्य दिनांक 03.12.2023 को प्रात: 8 बजे से जिला मुख्यालय पर स्थित राजकीय पॉलटेक्निक कॉलेज, बाईपास रोड़, हनुमानगढ़ जंक्शन में शुरू किया जायेगा। मीडिया सेन्टर स्थापित करने हेतु राजकीय पॉलटेक्निक कॉलेज हनुमानगढ में कमरा नं0 26 आरक्षित किया गया है। मीडिया कर्मियों को मतगणना हॉल में मोबाईल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। मोबाईल फोन और अन्य संचार उपकरणों को उपयोग केवल मीडिया सेंटर में ही किया जायेगा। मतगणना के रूझान एवं परिणाम को जनता तक प्रसारित करने हेतु मीडिया सेंटर में लाउडस्पीकर की समूचित व्यवस्था रहेगी।

शिक्षक का सम्मान

चूरू, (कासं)। घांघू गांव के बनवारीलाल प्रजापत का शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने के लिए गांव के लोगों द्वारा मुख्य बाजार स्थित धर्मशाला में अभिनंदन किया गया। प्रजापत ने बतौर अध्यापक शिक्षा विभाग में 37 वर्ष चार माह की सराहनीय सेवा की व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लाखाऊ से सेवानिवृत हुए। इस मौके पर शिक्षक बनवारीलाल प्रजापत को शाल साफ और माल्यार्पण कर प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

पी. ई. ई. ओ. क्षेत्र के विद्यालयों की ओर से निपुण मेले का आयोजन

सादुलपुर, (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिद्धमुख में समस्त पी ई ई ओ क्षेत्र के विद्यालयों द्वारा शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित निपुण मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में पी ई ई ओ क्षेत्र के विद्यालय राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय सिद्धमुख, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय ढाणी छोटी, राजकीय चनानी उच्च माध्यमिक विद्यालय सिद्धमुख के संभागियों ने भी भाग लिया।

इस मेले के उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रधानाचार्य दीपचंद इन्दोरिया व पवन कुमार चौधरी मैनेजर बीआरकेजीबी सिद्धमुख ने किया। मेले का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर अतिथियों द्वारा किया गया। मैनेजर बीआरकेजीबी पवन कुमार ने इस अवसर पर बैंक की विभिन्न लोक कल्याणकारी और उपयोगी जानकारी देकर बच्चों को लाभान्वित किया और बच्चों को जीवन में आगे बढाने के लिए उद्बोधित किया। इस निपुण मेले में संभागियों द्वारा टॉय मेकिंग, स्टोरी टेलिंग, स्टोरी मेकिंग, रोल प्ले के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की स्टाल लगाई गई। स्वरोजगार की प्रेरणा देने वाली स्टॉल भी लगी। बच्चों ने गीली मिट्टी से विविध प्रकार के खिलौने बनाए। थ्री लेग दौड का भी आयोजन किया गया। विभिन्न प्रकार के चार्ट और मॉडल बनाए गए।

मेले में लगभग 90 संभागियों ने भाग लिया। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय ढाणी छोटी से प्रभारी के रूप में प्रियंका, संस्कृत विद्यालय सिद्धमुख के प्रभारी के रूप में राजबाला, राजकीय चनानी उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्रभारी के रूप में शारदा ने भाग लिया। मेले के आयोजन में चमेली वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक, अनोप, सुमेर, चंपालाल, संतोष, सुरेंद्र, सीताराम, शरबती, पंकज, शंकर, मनोज, रविंद्र, प्रदीप, राकेश आदि स्टाफ सदस्यों का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा। समस्त गतिविधियों में सर्वोच्च स्थान वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया।

निपुण मेले में भाग लेते विद्यार्थी एवं उपस्थित विद्यालय स्टाफ

वार्षिकोत्सव पर प्रतिभाओं का सम्मान

चूरू, (कासं)। श्री ऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम का तीन दिवसीय शताब्दीय वार्षिकोत्सव का समापन शुक्रवार को हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती व प्रबलजी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। आश्रम के ब्रह्मचारियों ने मंगलाचरण किया। वार्षिकोत्सव के अंतिम दिन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए त्रंबकेश्वर चैतन्य ब्रह्मचारी महाराज ने कहा कि भारत भूमि भाव, भक्ति तथा भावों की भूमि है। उन्होंने भारत वर्ष की विशिष्टताओं में जीव मात्र का कल्याण व सनातन धर्म की विशेषताओं को प्रमुख रूप से उजागर किया। कार्यक्रम में कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले ब्रह्मचारियों को त्रंबकेश्वर चैतन्य महाराज ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य डॉ भवानी शंकर शर्मा ने आश्रम का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मंत्री सुशील कुमार बजाज, न्यासी ईश्वर प्रसाद पटवारी, कई पूर्व स्नातक, आचार्य सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति व ब्रह्मचारी उपस्थित थे। आश्रम के व्यवस्थापक ईश्वर सिंह ने आए हुए सभी अतिथियों व अभिवावकों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा बैठक आयोजित

पाटन, (निसं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा बैठक शुक्रवार को नीमकाथाना कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर श्रुति भारद्वाज की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में जिले के सभी ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सा अधिकारी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक में जुड़े। बैठक में चीन में फैले श्वसन रोग वायरस, पल्स पोलियो अभियान, स्क्रब टाइफस बिमारी एवं बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर चर्चा की गई। बैठक में जिला कलक्टर श्रुति भारद्वाज ने चीन में श्वसन रोग के मामलों में वृद्धि को देखते हुए जिले के चिकित्सा प्रबंधन को अलर्ट किया। उन्होंने कहा कि अभी भारत में स्थिति चिंताजनक नहीं है, लेकिन जिले में संक्रामक रोगों की सर्विलेंस एवं रोकथाम के लिए चिकित्सा प्रबंधन पूरी सतर्कता के साथ कार्य करे। सभी अधिकारियों को अस्पतालों में जांच, दवा, उपचार आदि के समुचित इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जानकारी के अनुसार फिलहाल देश में इस बीमारी का एक भी मामला सामने नहीं आया है, फिर भी एहतियातन चिकित्सा तंत्र को मजबूत रखने की दृष्टि से सजगता बरती जा रही है। उन्होंने आमजन से भी अपील की है कि छोटे बच्चों में यदि श्वसन संबंधी किसी भी प्रकार की बीमारी होने पर तुरंत चिकित्सीय परामर्श लें।

उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को हाल ही में आयोजित मॉक ड्रिल में पाई गई कमियों को दुरुस्त करने एवं दवाइयां की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने सभी चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि भारत सरकार की ओर से इस बीमारी से बचाव के संबंध में जारी एडवाइजरी तथा चिकित्सा विभाग की ओर से जारी दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित की जाए। बैठक में टीकाकरण अभियान को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई जिसमें कलेक्टर ने टीकाकरण में पिछड़े ब्लॉक्स के चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए की टीकाकरण अभियान में तेजी लाएं।

विश्व एड्स दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

झुंझुनूं, (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार विश्व एड्स दिवस पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव दीक्षा सूद ने बताया कि हर साल 1 दिसम्बर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है। इसका मकसद लोगों को एड्स महामारी के प्रति जागरूक करना है। विश्व एड्स दिवस मनाने की शुरूआत साल 1988 में हुई थी। उसके बाद से हर साल 1 दिसम्बर को विश्व एड्स दिवस मनाया जा रहा है। इसकी पहल विश्व स्वास्थ्य संगठन ने की थी। इस दिन दुनियाभर में सरकारी और गैर सरकारी संगठन एड्स से बचाव विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करते है। इसमें एड्स महामारी के बारे में विस्तार से जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया जाता है। इसी क्रम में अधिवक्ता द्वारा बीडीके अस्पताल, झुंझुनू में कार्यक्रम का आयोजन कर बताया कि भारत में एड्स अपने पैर पसारे हुए है लेकिन देश में इसका इलाज होना बहुत मुश्किल होता है। इसके पीछे कई कारण हैं जैसे एचआईवी पॉजिटिव लोगों के साथ भेदभाव करना, लोगों में जागरूकता की कमी होना, लोगों के मन में एड्स को लेकर तरह-तरह के भ्रम होना, लोगों का असुरक्षित यौन संबंध बनाना आदि।

एड्स नामक बीमारी से आज शायद ही कोई अनभिज्ञ हो, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व समाजसेवी संस्थाओं द्वारा समय-समय पर विभिन्न तरीकों से एड्स के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाता है पर विडंबना यह है कि लोग जानकर भी अनजान बने हुए हैं, प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी विश्व एड्स दिवस मनाया गया, जिसके तहत जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झुंझुनू के तत्वावधान में राधेश्याम आर मोरारका राजकीय महाविद्यालय, झुंझुनू पुलिस विभाग, झुंझुनू, तालुका विधिक सेवा समिति खेतड़ी, पिलानी, नवलगढ़, उदयपुरवाटी व पैनल अधिवक्ता के सहयोग से विश्व एड्स दिवस पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

निपुण मेले का आयोजन हुआ

चूरू, (कासं)। बच्चों के सामाजिक, मानसिक, शारीरिक, बौद्धिक व भाषाई विकास में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में निपुण मेले का आयोजन किया गया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ओमदत्त सारण ने बताया कि चूरू ब्लॉक में यह निपुण मेला 40 पीईईओ विद्यालयो और तीन यूसीईईओ विद्यालयो में आयोजित किया गया, जिसमें कक्षा 1 से 3 तक के सभी विद्यार्थी और समन्वित आंगनबाड़ी केंद्र के बालक और बालिकाएं शामिल हुए। आर पी विनय कुमार सोनी ने बताया कि इस निपुण मेले में टॉय मेकिंग, आर्ट इंटीग्रेशन, स्टोरी मेकिंग, स्टोरी टेलिंग, आईसीटी इंटीग्रेशन, ग्रुप वर्क व रोल प्ले जैसी खेल गतिविधियों का आयोजन किया। निपुण मेले के आयोजन के दौरान चूरू ब्लॉक के रतननगर व सोमासी के विद्यालयों में राजस्थान शिक्षा परिषद शिक्षा संकुल जयपुर से निरीक्षण प्रभारी अधिकारी पुष्पा शेखावत ने निपुण मेले का निरीक्षण किया और आयोजन की सराहना की। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में आर पी श्याम सुन्दर पूनिया, पीईईओ नरेंद्र, रवि, संस्था प्रधान संतोष, मंजू शेखावत, सरोज, सीमा, सुमन भाटी, अनिता आदि उपस्थित रहे।

विकास मंच ने होटल को आबादी के बीच से हटाने की मांग की

नोहर, (निसं)। यहां के जागरुक नागरिकों के संगठन विकास मंच नोहर ने शहर में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय व चाचाण धर्मशाला के बीच संचालित हो रहे होटल ओयो स्वागतम को लेकर एक ज्ञापन जिला कलेक्टर के नाम उपखण्ड अधिकारी को सौंपा है।

इसमें बताया गया कि अनैतिक कार्यों के लिये स्कूल व कॉलेज जाने वाली लड़कियाँ, लड़कों के साथ नकाबपोश होकर दिन में इस होटल में रुकती है। जिसको लेकर मौहल्ले की महिलाओं व आमजन ने आपत्ति की तो लड़कियाँ व लड़के मौका देखकर संचालकों की मदद से होटल से भाग गई। जिसके बाद उपखण्ड अधिकारी नोहर को मामले से अवगत करवाते हुये ज्ञापन सौंपा गया। लेकिन उसके बाद भी होटल मालिक के गुर्गे हरियाणा से गाड़ियां भरकर आए व पड़ोसी के साथ मारपीट की व पड़ोसी गौतम सोनी को जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद होटल मालिक सहित कुल पाँच आरोपियों को पकड़ा गया।विकास मंच अब प्रशासन से मांग करता है कि होटल व्यवसायिक प्रयोजन का है या आवासीय प्रयोजन का है और किन शर्तों व नियमों के तहत संचालित है इसकी नगरपालिका द्वारा जांच की जाएं। संचालकों की गुंडागर्दी के चलते यह प्रमाणित हो चुका है कि यदि उपखंड प्रशासन या पुलिस प्रशासन द्वारा समय रहते इस होटल को यहां से नहीं हटाया गया तो इस होटल के कारण यहां बड़ी वारदात भी हो सकती है। शहर की कानून व्यवस्था भी भंग हो सकती हैं। विकास मंच नोहर जनहित में प्रशासन को चेताया हैं कि उक्त होटल को यहाँ से सात दिवस के अंदर-अंदर हटाया जाए। सात दिवस में होटल यहां से नहीं हटाएं जाने पर विकास मंच के साथ शहर के सैंकड़ों महिला, पुरुष होटल के आगे सड़क पर धरना लगाकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन की प्रतिलिपि पुलिस महानिदेशक अतिरिक्त महानिदेशक अपराध शाखा,पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के साथ स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों को भी प्रेषित की है।



उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपते विकास मंच के पदाधिकारी।

सड़क हादसे में दो युवक घायल

सादुलपुर, (निसं)। गांव लम्बोर छींपीयान में मोटरसाईकिल पर फोटो ग्राफी करने जा रहे दो युवको को सामने से आ रही दुसरी मोटरसाईकिल के चालक द्वारा टक्कर मारने से फोटो ग्राफी करने जा रहे युवक गंभीर घायल हो गये, जिनमें एक युवक को अस्तपाल में छुटटी मिल गई, मगर दूसरे घायल साथी की हालात गंभीर है। जिसका गुरूवार को मामला दर्ज करवाया गया है। राजगढ थाने में दर्ज प्रकरण अनुसार रोशन निवासी वार्ड नं 39 कस्बा राजगढ ने हाजिर थाना होकर इस आरोप की रिपोर्ट दी है कि उसके भाई का लडका अरमान निवासी वार्ड नं 39 कस्बा राजगढ तथा सुल्तान निवासी वार्ड नं 25 कस्बा राजगढ 24 नवम्बर को मोटरसाईकिल पर सवार होकर राजगढ से लम्बोर छींपीयान शादि समारोह में फोटोग्राफी करने जा रहे थे। वक्त करीबन अपराहन 2 बजे लम्बोर छींपीयान के बस स्टेण्ड पर पहुंचे तो लम्बोर की तरफ से आ रही एक मोटरसाईकिल के चालक ने अपनी मोटरसाईकिल को तेजगति व लापरवाही से चलाकर उसके भतिजे की मोटरसाईकिल के टक्कर मार दी।

जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ सिहाग ने मतगणना स्थल की तैयारियों का जायजा लिया

- पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक नूनावत, उप जिला निर्वाचन अधिकारी लोकेश गौतम, एसीईओ सक्षम गोयल आईएएस, सीईओ पीआर मीणा रहे मौजूद
- मतगणना के दौरान चाक चौबंद रहे सुरक्षा सहित सभी व्यवस्थाएं : सिहाग

चूरू, (कासं)। जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ सिहाग ने कहा है कि मतगणना के दौरान सुरक्षा सहित सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी सिहाग ने शुक्रवार शाम को विधानसभा आम चुनाव-2023 अंतर्गत जिला मुख्यालय स्थित मतगणना स्थल राजकीय लोहिया महाविद्यालय का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लेते हुए व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि कैंपस में समुचित बैरिकेडिंग हो ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। मतगणना के लिए विधानसभावार निर्धारित कक्षों के लिए पर्याप्त संकेत बोर्ड लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी, अभ्यर्थी, उनके द्वारा नियुक्त अभिकर्त्ता एवं मतगणना हेतु नियुक्त कार्मिक निर्धारित प्रवेश द्वार से ही प्रवेश लें तथा सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखते हुए पुलिस-प्रशासन का सहयोग करें। जिला निर्वाचन अधिकारी सिहाग ने मतगणना कक्षों का निरीक्षण कर सभी संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों से कक्ष की तैयारियों की जानकारी लेते हुए समयबद्ध व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतगणना कक्ष के लिए आवश्यक उपकरणों व दस्तावेजों आदि को पूर्व से ही तैयार रखें।मतगणना कार्मिकों को मतगणना के दौरान आवश्यक सामग्री पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहे और उन्हें मतगणना के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न रहे।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक नूनावत, एसीईओ सक्षम गोयल आईएएस, सीईओ पीआर मीणा, चूरू रिटर्निंग अधिकारी अनिल कुमार, रतनगढ़ रिटर्निंग अधिकारी अभिलाषा, सुजानगढ़ रिटर्निंग अधिकारी रमेश कुमार, सरदारशहर रिटर्निंग अधिकारी हरिसिंह शेखावत, तारानगर रिटर्निंग अधिकारी संदीप चौधरी, सादुलपुर आरओ दीपांशु सांगवान, बीदासर एसडीएम अनिता धेतरवाल, ईवीएम प्रकोष्ठ नोडल अधिकारी जितेंद्र कुमार, प्रचार - प्रसार एवं मीडिया सेंटर प्रकोष्ठ प्रभारी कुमार अजय, डीओआटी एसीपी नरेश टुहानिया, सानिवि एसई शिशपाल सिंह, चूरू नगरपरिषद आयुक्त अनिता खीचड़, सहायक प्रशासनिक अधिकारी नरेंद्र राठौड़, एपीआरओ मनीष कुमार, अभिषेक सरोवा सहित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।



चूरू में जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ सिहाग ने मतगणना स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का लिया जायजा लिया।

स्वेटर बांटे

नोहर, (निसं)। स्थानीय राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय नंबर 2 नोहर में शुक्रवार को प्रधानाचार्य श्रीमती आरती कौशिक व अध्यापक इंद्र कुमार जोशी के सहयोग से विद्यालय की कक्षा 1 व 2 के 54 विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किये गये।

नाम परिवर्तन

मेरी 10वीं की अंकतालिका व प्रमाण पत्र में मेरा बोलता नाम रोशन अली तेली पुत्र अब्दुल गनी तेली दर्ज है, जबकि अन्य सभी दस्तावेजों में रोशन अली नौमानी पुत्र अब्दुल गनी नौमानी दर्ज है। दोनों नाम मेरे ही है तथा इनको लेकर किसी प्रकार का विवाद होने पर मेरी जिम्मेवारी होगी। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जावे।

रोशन अली नौमानी पुत्र अब्दुल गनी नौमानी, वार्ड नं. 5 नया, सरदारशहर

कार्यालय नगरपालिका मण्डल, रावतसर, जिला हनुमानगढ़ (राज.)

क्रमांक:- न.पा.रा./भूमि/2023/4925 दिनांक :- 01.12.2023

आपत्ति आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जगदीश प्रसाद पुत्र श्री शंकरलाल जाति बिश्नोई साकिन रावतसर तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ़ ने प्रार्थना पत्र मय दस्तावेजों की फोटोप्रति प्रस्तुत कर वार्ड नं. 04 में आवासीय भूखण्ड साईज 140 वर्गगज का नामान्तरण अपने नाम से दर्ज करवाना चाहता है। मूल पट्टा ग्राम पंचायत रावतसर द्वारा श्री मामराज पुत्र श्री रूड़ाराम के नाम से जारीशुदा है। श्री मामराज ने उक्त भूखण्ड को श्री रामस्वरूप पुत्र श्री अमरूराम को बैचान कर दिया। श्री रामस्वरूप ने जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 25.11.1991 को उक्त भूखण्ड श्रीमती बीरखा देवी पत्नी श्री शंकरलाल को बैचान कर दिया। श्रीमती बीरखा देवी की मृत्यु होने के पश्चात उक्त भूखण्ड की साईज 140 वर्गगज जरिये दस्तावेज दस्तबरदारी श्री जगदीश पुत्र शंकरलाल के हक में छोड़ दी। जिसका प्रार्थी अपने नाम से नामान्तरण पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहता है।

अतः उक्त आवासीय भूखण्ड का नामान्तरण जारी करने में अगर किसी को कोई आपत्ति हो, तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

(संदीप कुमार)
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका, रावतसर